मांग संख्या 10

मुख्य शीर्ष 2406

मद कमांक 1 से 6

वन विभाग की मैदानी पदसंरचना के पुनरीक्षण के फलस्वरूप 25 उपवन क्षेत्रपाल एवं 33 वन क्षेत्रपाल सहित कुल 58 अतिरिक्त पदों के सृजन किये जाने के कारण इस वर्ष इन पदों पर राशि रूपये 71.25 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 71,25,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद कमांक 7 से 13

1. वन विभाग की मैदानी पदसंरचना के पुनरीक्षण के फलस्वरूप 325 वनपाल, 100 उप वन क्षेत्रपाल एवं 100 वन क्षेत्रपाल सहित कुल 525 अतिरिक्त पदों के सृजन किये जाने के कारण इस वर्ष इन पदों पर राशि रूपये 23.74 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है ।

2. वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु सांख्येत्तर पदों के सृजन पर राशि रूपये 642.68 लाख का व्यय संभावित है । पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

कमांक	पदनाम	वेतनमान	संख्या
1	भृत्य/चौकीदार	2550-3200	1412
2	वायरलेस आपरेटर	3050-3950	161
		योग-	**1573**

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 6,66,42,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 14

तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका प्रदाय करने हेतु राशि रूपये 1000.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 15

राज्य के वनोत्पाद एवं कृषि उत्पादों के प्रमाणीकरण के उद्देश्य से स्थापित संस्था छत्तीसगढ़ सर्टिफिकेशन सोसायटी के स्थापना व्यय पर इस वर्ष रूपये 15.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 15,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।